5जी से कारोबारी सुगमता को नया आयाम : मोदी

'आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था' कार्यक्रम में पीएम बोले, सीमा पर जीवंत गांव राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, आज सस्ता और तेज इंटरनेट भारत की पहचान बन चुका है। बहुत जल्द सभी गांव तक ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी पूरी होगी। 5जी सेवा भारत में जीवन की सुगमता और और कारोबार की सुगमता को एक अलग ही आयाम देने वाली है। पीएम भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार को आयोजित 'आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

पीएम ने कहा, सीमाई गांवों से पलायन सही नहीं है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। बजट में सीमा पर स्थित गांवों को जीवंत गांव में

बुनियादी सुविधाएं देने पर जोर

आम बजट का जोर गरीब, मध्यवर्ग और युवाओं को बुनियादी सुविधाएं देने पर है। बेहद जरूरी है कि भारत आत्मनिर्भर बने और उसकी नींव पर आधुनिक भारत का निर्माण हो। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

तब्दील करने का प्रावधान किया गया है। इससे उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख के गांवों को लाभ होगा। सरकार सीमा पर स्थित गांवों के युवाओं को एनसीसी का प्रशिक्षण देकर उन्हें सुरक्षा बलों में शामिल होने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का एक बड़ा अभियान निरंतर चल रहा है, जिसके माध्यम से खेत में ही सोलर पैनल लगाने के लिए मदद दी जा रही है। पीएम ने कहा, अब हम प्राकृतिक खेती गलियारे पर काम कर रहे हैं।

ये गलियारा 2500 किलोमीटर का होगा। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे 5 किमी दायरे तक प्राकृतिक खेती का कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। एजेंसी

फौजी वर्दी पहनने पर प्रधानमंत्री को नोटिस

प्रयागराज। जिला अदालत ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ दाखिल निगरानी याचिका पर पीएमओ)को नोटिस जारी किया है। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए मार्च की अगली तिथि निर्धारित की है। जिला जज नलिन कुमार श्रीवास्तव ने अधिवक्ता राकेश नाथ पांडेय की ओर से पेश निगरानी याचिका पर बहस को सुनने के बाद यह आदेश दिया है। अर्जी में आरोप लगाया गया है कि चार नवंबर 2021 को जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना की वर्दी पहनी थी। यह धारा 140 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। ब्यूरो